पथों के चौड़ीकरण की डीएम ने समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

बांका (आससे)। जिला पदाधिकारी, बांका अंशुल अग्रवाल के अध्यक्षता में समाहरणालय के मिनी सभागार में भू-अर्जन , ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बांक-1एवं बांका-2 , पथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा एन एच-133श, एन एच-333, अमरपुर-बांका पथ, बांका (एस एच-25) तथा धोरैया पथ (एस एच) सहित अन्य महत्वपूर्ण पथों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा भू-अर्जन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर संबंधित कार्यों में तेजी लाने एवं अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, अपर समाहर्ता, बांका को ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़कों के किए जा रहे निरीक्षण का समेकित प्रतिवेदन तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बांका-1 एवं बांका-2 के अंतर्गत संचालित सभी निर्माणाधीन योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी योजनाओं को सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी अनुरक्षण योग्य पथों का विभागीय निर्देशों के आलोक में एक सप्ताह के अंदर अनुरक्षण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिन योजनाओं में निर्धारित समय-सीमा से अधिक समय हो चुका है, उनमें कार्य की प्रगति तेज करते हुए शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, भारी यातायात वाले वाहनों के परिचालन से क्षतिग्रस्त होने की आशंका वाले पथों पर आवश्यकतानुसार हाइट रिस्ट्रिक्शन बैरियर लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि सड़कों को क्षति से बचाया जा सके।



शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में दो युवक गिरफ्तार

अकबरनगर(आससे)। अकबरनगर थाना क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। गिरफ्तार युवकों की पहचान अकबरनगर थाना क्षेत्र के हरिनगर निवासी अमर कुमार और खुटाहा निवासी सुभाष कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 300 एमएल की रॉयल झारखंड निर्मित शराब की कुल 96 बोतलें तथा 375 एमएल की एक बोतल विदेशी शराब बरामद की। शराब की बरामदगी के बाद पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में अकबरनगर थानाध्यक्ष रामाशीष कुमार ने बताया कि शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 300 एमएल की 96 बोतलें रॉयल झारखंड निर्मित शराब और 375 एमएल की एक बोतल विदेशी शराब बरामद हुई है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मनोज और अशोक पहुंचे माता वैष्णो देवी के दरबार

जमुई (आससे)। होटल जनेक्स ब्रिज के प्रधान सह दिग्गज समाजसेवी मनोज कुमार सिंह और अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार सिंह जम्मू कश्मीर दौरे पर हैं। समाजसेवी और शिक्षाविद ने अपने दिन की शुरुआत वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना से की। जमुई के संभ्रांत नागरिक द्वय कटरा से हेलिकॉप्टर के जरिए उड़ान भरी और सांझीछत हेलीपैड पर लैंड किया। यहां से पैदल चलकर भवन पहुंचे और माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगायी। समाजसेवी और चेयरमैन ने पवित्र गुफा में पहुंच कर खुद को धन्य किया। इस दरम्यान उन दोनों ने देवी से जमुई के साथ बिहार के विकास की गुहार लगाई और लोगों में आपसी प्रेम कायम रहे , इसकी प्रार्थना की। सिंह द्वय वैष्णो देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रोपवे के जरिए भैरो बाबा मंदिर गए और यहां उनके चरणों में शीश झुकाकर सुख-समृद्धि की कामना की। बाद में घोड़े की सवारी करते हुए संभ्रांत नागरिक द्वय हेलीपैड पहुंचे। यहां से पुन: हेलिकॉप्टर के जरिए त्रिकूट पर्वत से वापसी की और बाद में जम्मू के रघुनाथ मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। वे दोनों जम्मू कश्मीर की परिक्रमा के साथ विभिन्न धार्मिक स्थलों और एतिहासिक धरोहरों का भी अवलोकन करेंगे और भारत का स्वर्ग कहे जाने वाले प्रदेश की खूबियों से रूबरू होंगे। समाजसेवी और शिक्षाविद की धार्मिक यात्रा जारी है।



राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल हुए हवेली खड़गपुर के युवा

हवेली खड़गपुर (आससे)। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को गुजरात के केवड़िया स्थित एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में हवेली खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र के छह युवाओं ने हिस्सा लिया। समारोह में शामिल होने के लिए गौरव कुमार उर्फ शुभम केसरी, रविरंजन, नितेश मिश्रा, सैलब झा, मुकेश यादव एवं आकाश कुमार उर्फ मोंटी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में शामिल हुए युवाओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम देखने को मिला। एकता परेड में विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं केंद्रीय पुलिस संगठनों की टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। वहीं, देश की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करती आकर्षक झांकियां रहीं। हवेली खड़गपुर से शामिल युवाओं ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह का हिस्सा बनना उनके लिए गौरव और यादगार अनुभव रहा। इस आयोजन के माध्यम से उन्हें देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को करीब से समझने का अवसर मिला।



पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में 05-07 नवंबर तक लगेगा जुगनू हाट

जमुई (आससे)। तथागत एजुकेशनल ट्रस्ट की सचिव और जमुई की बेटी डॉ.स्मृति पासवान ने बताया कि पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में तीन दिन अर्थात 05-07 नवंबर तक जुगनू हाट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार , अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री एल पासवान , पटना के जिलाधीश एन मृणाल आदि शख्सियत 05 नवंबर को कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम में अपनी मिट्टी , अपना शिल्प और अपनी पहचान को तव्वजो दिया जाएगा। विविध जिलों की लोक कला , शिल्प , परम्पराओं , हस्त निर्मित उत्पादों के साथ साँस्कृतिक धरोहरों को एक साझा मंच पर लाना इसका मुख्य ध्येय है। बिहार की कला , शिल्प और साँस्कृतिक विरासत को समर्पित तथागत एजुकेशनल ट्रस्ट तीन दिनी कार्यक्रम को सजाने और संवारने में जुटा हुआ है। शिक्षा , संस्कृति और समाज को और ज्यादा संबल प्रदान करने के लिए जुगनू हाट के आयोजन का फैसला लिया गया है। इसका उद्देश्य बिहार की स्थानीय कलाओं और पारंपरिक हुनर को पहचान दिलाना तथा कलाकारों , शिल्पकारों और कला प्रेमियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। इस आयोजन के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक विविधता को आम लोगों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।



संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत,मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

सन्हौला/भागलपुर(आससे)। भागलपुर के सन्हौला थाना क्षेत्र के करहरिया गांव में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान चांदनी कुमारी पति सनी कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, ससुराल पक्ष की ओर से इसे आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

मृतका की सास पूनम देवी ने बताया कि उनका बेटा रात में काम करने के बाद सुबह सोया हुआ था। दोपहर में उनकी चार वर्षीय पोती ने आकर बताया कि मम्मी मर गई। इसके बाद वह छत पर पहुंचीं, जहां बहू ओढ़नी के सहारे लटकी हुई मिली। उन्होंने अपने बेटे को इसकी जानकारी दी। इसके बाद शव को नीचे उतारकर पीएचसी सन्हौला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां सावित्री देवी ने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें सीधे नहीं दी गई थी। एक रिश्तेदार ने फोन कर बताया कि उनकी बेटी को सांप ने काट लिया है। जब वह मौके पर पहुंचीं तो बेटी की मौत हो चुकी थी। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही अपनी चार वर्षीय नातिन के भविष्य को लेकर चिंता जताई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। ऐसे में मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। सन्हौला थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार देर रात पुलिस ने शव को कब्जे में लिया था और रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर हवेली खड़गपुर थाना ने लाइव प्रसारण में देखी एकता परेड

हवेली खड़गपुर (आससे)। शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर हवेली खड़गपुर थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रीय एकता परेड देखा। इस मौके पर डीएसपी अभय कुमार की मौजूदगी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के बाद देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में उनकी भूमिका अविस्मरणीय रही है। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, राकेश चंद्र सिन्हा, अमरेश चौरसिया, , रेखा सिंह चौहान, रजनीश झा, संजीव कुमार, निरंजन मिश्रा, डा. अशोक सिंह, एसआई कुंदन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं पुलिस बल मौजूद थे।



बाल शोषण के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक

बांका (आससे)। यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत चलाए जा रहे हैं 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका द्वारा जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले के तीन विद्यालय एस.के.पी. विद्यालय, बांका, मुखाराम डोकानिया उच्च विद्यालय, बांका एवं सार्वजनिक उच्च विद्यालय, सर्वोदयनगर, बांका में पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में बच्चे बच्चियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ढ्ढ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका द्वारा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र ङ्क छात्राओं को प्रशस्ति ङ्क पत्र से सम्मानित किया गया ढ्ढ सार्वजनिक उच्च विद्यालय, सर्वोदयनगर, बांका में आयोजित कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अभय प्रसाद तिवारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक सार्वजनिक उच्च विद्यालय, सर्वोदयनगर, बांका, बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका के कार्यालय कर्मी प्रमुख रूप से वक्ता के रूप में उपस्थित रहे ढ्ढ पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा जिले केआज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत चलाए जा रहे हैं 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका द्वारा जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले के तीन विद्यालय एस.के.पी. विद्यालय, नयाटोला बांका, मुखाराम डोकानिया उच्च विद्यालय, बांका एवं सार्वजनिक उच्च विद्यालय, सर्वोदयनगर, बांका में पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किया गया ढ्ढ इन प्रतियोगिताओं में बच्चे बच्चियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ढ्ढ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका द्वारा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र ङ्क छात्राओं को प्रशस्ति ङ्क पत्र से सम्मानित किया गया ढ्ढ सार्वजनिक उच्च विद्यालय, सर्वोदयनगर, बांका में आयोजित कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता श्री अभय प्रसाद तिवारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक सार्वजनिक उच्च विद्यालय, सर्वोदयनगर, बांका, बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका के कार्यालय कर्मी प्रमुख रूप से वक्ता के रूप में उपस्थित रहे ढ्ढ पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा जिले के अन्य 17 विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को पेंटिंग व निबंध लेखन के माध्यम से बाल शोषण के प्रति जागरूक किया ढ्ढ अन्य 17 विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को पेंटिंग व निबंध लेखन के माध्यम से बाल शोषण के प्रति जागरूक किया।



सुरक्षित बचपन अभियान में स्कूली बच्चों ने पॉक्सो एक्ट की ली जानकारी

अकबरनगर(आससे)। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत शनिवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय अकबरनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेलवे मजिस्ट्रेट रिंकी कुमारी ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप बच्चों को बाल यौन अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान रिंकी कुमारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में रहने, शिक्षा प्राप्त करने और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण, दुर्व्यवहार या अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी असहज स्थिति में चुप नहीं रहने और अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी देने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुई। बच्चों ने स्वागत गान के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपनी विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कराया। विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित बचपन के महत्व से अवगत कराना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बाल यौन अपराधों से बचाव की जानकारी देना था। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और सुरक्षित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया।

भोजपुरी कलाकारों के कार्यक्रम में भगदड़ से हुआ बवाल,पुलिस ने की लाठीचार्ज

भागलपुर (आससे)। ऐतिहासिक सैंडिस कंपाउंड के मैदान में शनिवार की देर शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब निजी ऑटोमोबाइल एजेंसी अमित हीरो की ओर से आयोजित मेगा इवेंट में भोजपुरी स्टार रौशन रोही और अभिनेत्री डिंपल सिंह पहुंचे। दोनों कलाकारों के मंच पर आते ही हजारों की संख्या में जुटी भीड़ बेकाबू हो गई। स्थिति संभालने पहुंची पुलिस पर उपद्रवियों ने ईंट-पत्थर, कुर्सियां और चप्पलें फेंकनी शुरू कर दीं। इसके बाद पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा, जिससे मैदान में भगदड़ मच गई। हालात इतने बिगड़ गए कि कलाकारों को कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर सुरक्षित बाहर निकलना पड़ा। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों और दर्शकों के घायल होने की खबर है। उपद्रवियों ने कार्यक्रम स्थल पर जमकर तोड़फोड़ की। वीआईपी सोफे, कुर्सियां, साउंड बॉक्स और टेंट को तहस-नहस कर दिया गया। पूरे मैदान में टूटे फर्नीचर, जूते-चप्पल और पत्थर बिखरे नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी प्रमोद यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

सदर एसडीओ विकास कुमार और तिलकामांझी थाना पुलिस ने मोर्चा संभाला और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद पूरे परिसर को खाली कराया। मामले में एसएसपी प्रमोद यादव ने बताया कि इतने बड़े आयोजन के लिए आयोजक की ओर से जिला प्रशासन से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी। साथ ही भीड़ के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि लापरवाही और विधि-व्यवस्था बिगाड़ने के मामले में आयोजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



भाजपा नगर मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

एनडीए समर्थित डॉ एनके यादव की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनायी खुशी

हवेली खड़गपुर (आससे)। रविवार को नगर के सिंहपुर स्थित सामुदायिक भवन में भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक नगर अध्यक्ष शिवशंकर चौधरी की अध्यक्षता में की गयी।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में तारापुर विधानसभा संयोजक शंभू केसरी और जिला मंत्री रजनीश झा विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में संगठन की मजबूती, शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर बैठक आयोजित करने तथा पार्टी की ओर से निर्धारित आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कोसी स्नातक क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ. एनके यादव की लगातार तीसरी बार शानदार जीत पर खुशी जताते हुए कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। साथ ही गुजरात के एकता नगर में आयोजित लौह पुरुष की जयंती समारोह में हवेली खड़गपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा गौरव कुमार उर्फ शुभम केसरी, नीतेश मिश्रा, रविरंजन कुमार, शैलब झा, मुकेश यादव और आकाश कुमार उर्फ मोंटी की भागीदारी को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अजीत कुमार साह, विवेक कुमार, पूर्णानंद केशरी, विजय मंडल, श्रवण कुमार, गौतम कुमार, सुनील कुमार, धर्मवीर साह, सुभाष, शशिभूषण राय, संजय कुमार, जीतेंद्र, अविनाश कुमार, प्रदीप, अशोक रजक, सुरेंद्र, नीरज, गौरीशंकर, अनिल कुमार साह और सुरेश समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



राष्ट्रीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

बांका(आससे)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका कि सचिव सपना रानी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित (अदृश्य, पिछड़े और प्रभावित लोगों की क्षमता और सुदृढ़ता हेतु सहायता योजना, 2025 के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ढ्ढ इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव महोदया द्वारा बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य कैदियों, विचाराधीन कैदियों और उनके आश्रितों / परिवारों को व्यापक कानूनी, सामाजिक, मानसिक और आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

इस योजना कि मुख्य विशेषताएं कैदियों और उनके परिवारों को कानूनी सलाह व सहायता देना, विचाराधीन कैदियों को जमानत और पैरोल प्राप्त करने में सहायता करना, कैदियों और उनके आश्रितों को मानसिक तनाव से उभारने के लिए परामर्श देना तथा रिहाई के बाद कैदियों को समाज की मुख्यधारा में पुन: स्थापित करना और अपराध की पुनरावृत्ति को रोकना है ढ्ढ इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बांका के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के अधिवक्तागण एवं पारा विधिक स्वयंसेवक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मुजाहिदपुर थाना से सौ मीटर दूर ताबड़तोड़ फायरिंग

भागलपुर (आससे)। मुजाहिदपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को खुली चुनौती दी है। रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-6 के पास मोबाइल छिनतई का विरोध करने पर बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। बताया जा रहा है कि पहले एक बदमाश यात्री का मोबाइल छीनकर भाग रहा था। स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो बदमाश ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। करीब आधे घंटे बाद वही बदमाश अपने 5 से 7 साथियों के साथ हथियार लेकर वापस पहुंचा और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने चाकू से भी हमला किया। घटना में मेराज के बाएं हाथ में गोली लग गई,जबकि आमिर चाकू के हमले से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए भागलपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के मुताबिक बदमाशों ने रेलवे गेट नंबर-6 के बाहर गली से लेकर रेलवे परिसर के टिकट काउंटर और पार्किंग तक फायरिंग की। गोलियों की आवाज सुनते ही स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद परिजनों ने शाहबाज नगर कमेली निवासी आमिर, अली और तारीख समेत अन्य युवकों पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि घटनास्थल मुजाहिदपुर थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर है। इसके बावजूद बदमाशों ने हथियारों के साथ खुलेआम फायरिंग और चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया। फिलहाल दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस के सामने अब आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी करना एक बड़ी चुनौती है।

गोली और चाकूबाजी में दो घायल



नशा में गाड़ी पर जबरदस्ती चढ़ने के क्रम में हादसे के शिकार हुए महादेव पोद्दार

सन्हौला/भागलपुर(आससे)। भागलपुर जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र के सन्हौला बाजार स्थित भगत सिंह चौक के पास शनिवार को देर रात को ट्रक के टायर के पास टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस की मदद से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सन्हौला पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कनेरी गांव निवासी महादेव पोद्दार (45), पिता कालीचरण पोद्दार, जिला भागलपुर के रूप में हुई है। ट्रक चालक के अनुसार, वह सन्हौला से जगदीशपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सन्हौला बाजार के भगत सिंह चौक के पास पैदल जा रहे एक व्यक्ति ने उसके ट्रक के सामने हाथ देकर लिफ्ट मांगी। व्यक्ति ने चालक से कहा कि उसे जगदीशपुर जाना है। चालक ने बताया कि उसने व्यक्ति को मना करते हुए कहा कि वह अभी सन्हौला में ही रुकेगा और फिलहाल जगदीशपुर नहीं जाएगा। चालक के मुताबिक, ट्रक रुकने से पहले ही लिफ्ट मांग रहा व्यक्ति ट्रक के टायर के पास टकरा गया। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई। ट्रक चालक के मुताबिक जो व्यक्ति लिफ्ट मांग रहा था वह नशे की हालत में था मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस की मदद से उसे तत्काल सीएचसी सन्हौला पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।